कार्यालय–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 811 /शैक्षिक/परीक्षा फार्म/2019 दिनांक : 28/11/2019

–: कार्यालय ज्ञाप :–

विश्वविद्यालय के पत्रांक–756/शैक्षिक/2019 दिनांक 20/11/2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें विषम सेमेस्टर की नियमित एवं कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 10/12/2019 से प्रारम्भ होने के दृष्टिगत बी0टेक0/एम0सी0ए0/एम0टेक0/पी0एच0डी0 छात्रों को आनलाइन फार्म पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था।

उपरोक्त के सम्बन्ध में **एम0टेक0 पूर्णकालिक (द्वितीय वर्ष), एम0टेक0 अंशकालिक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) एवं पी0एच0डी0 (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष)** के जिन छात्रों के कतिपय कारणों से परीक्षा फार्म आनलाइन पूर्ण नहीं हो पा रहें हैं, ऐसे छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे शैक्षिक क्रियाकलाप कार्यालय से अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइड से भी डाउनलोड कर परीक्षाफार्म को पूर्ण करते हुए **दिनांक 02/12/2019 को अपरान्ह 03.00 बजे शैक्षिक कार्यालय में** जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त समयावधि के उपरान्त परीक्षा जमा नहीं किये जायेगें।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे विभाग के सूचना पट्ट पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने की व्यवस्था करें तथा सम्बन्धित संकाय सदस्यों को भी अवगत कराते हुए परीक्षा आवेदन पत्रों को निर्धारित तिथि तक शैक्षिक अनुभाग को प्रेषित कराने का कष्ट करें।
2. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे छात्रावासों के सूचना पट्ट पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को **"Examination Notice 2019-20"** शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड/प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
5. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इसे मा0 कुलपति महोदय के संज्ञान में लाने का कष्ट करें।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

Scanned by CamScanner